(Pages : 4)

118

Sl. No. 255962

SSLC EXAMINATION, MARCH - 2015.

HINDI

Time : 1½ Hours

Total Score : 40

सामान्य निर्देश :

- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।
- पंद्रह मिनट का कूल ऑफ़ टाइम दिया जाएगा। यह प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है। इस समय पर कुछ भी न लिखें।
- 5 से 7 तथा 8 से 11 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं।

Score

सूचना : तालिका की पूर्ति करके लिखें। 2

1.

पाठ	प्रोक्ति	लेखक
हाथी के साथी	घटना	....
प्रिय डाक्टर्स	....	पुनत्तिल कुञ्ञब्दुल्ला
वह तो अच्छा हुआ	कविता	....
....	कहानी	उषा प्रियंवदा

सूचना : अंग्रेजी शब्दों के स्थान पर उनका समानार्थी हिंदी शब्द रखकर वाक्यों का पुनर्लेखन करें। 3

2. आज Operation होनेवाली थी। लेकिन रोगी का Temperature बढ़ा। इसलिए वह Cancel की गई।

(शल्यक्रिया, प्रबंधक, रद्द, तापमान)

सूचना : कोष्टक से घटनाएँ चुनकर क्रमबद्ध रूप से रिक्त स्थान की पूर्ति करके लिखें। 2

3.
- घर का वातावरण तनाव भरा था।
- ....
- वे घर छोड़कर कहीं जाना चाहते थे।
- ....

- उन्हें एक चीनी मिल में नौकरी मिली।
- गजाधर बाबू परेशान थे।

P.T.O.

Score

सूचना : निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं में से सकुबाई की विशेषताएँ चुनकर लिखें। 2

4.
- कठिन मेहनत करनेवाली
- मेम साहब की बात न माननेवाली
- जीने के लिए संघर्ष करनेवाली

सूचना : 5 से 7 तक प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें। **2x2=4**

5. 'ग्वाले में हम एक क्रूर आदमी का स्वभाव देख सकते हैं।'
- क्या आप इससे सहमत हैं? क्यों?

6. 'आजकल ज़रा-सी बीमारी के लिए भी बड़ी से बड़ी टेस्ट करवाई जाती है।'
- क्या ऐसा करना उचित है? अपनी राय लिखें।

7. 'और गंदगी में लिपटे बच्चे को गोद में उठाकर
चुप कराने की हिम्मत किसी में नहीं थी।'
- इसके क्या कारण रहे होंगे?

सूचना : 8 से 11 तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें। **3x4=12**

8. मान लें, 'बिजली का झटका : जंगली हाथी की मृत्यु' शीर्षक पर अखबारों में समाचार आया। 'हाथी के साथी' पाठ के आधार पर वह समाचार तैयार करें।
(हाथी का तोरपा ब्लॉक आना - जंगल के बीच सड़क - बिजली के खंभे - कुछ तार ज़मीन पर गिरे-हाथी के पैर बिजली के तारों पर - झटका लगना ...)

9. बग्गा साहब ने कुतिया के पिल्लों को गरम पानी में डुबोकर मरवा डाला। डौली इसपर बहुत दुखी हुई। इस संबंध में उसने अपनी डायरी में क्या-क्या लिखा होगा ? कल्पना करके लिखें ।
(स्कूल से लौटी-पिल्ले दिखाई नहीं दिए - मैनेजर साहब के यहाँ भेजा है - खोजते रहना - गरम पानी में डुबोकर मरवा देने की खबर मिलना - दुखी...)

10. मान लें, डिसेक्शन हॉल के अनुभवों का वर्णन करते हुए देवदास ने अपने मित्र के नाम पत्र लिखा। वह पत्र अपनी कल्पना से लिखें।
(तेज़ बद्बू - लाशें फ़ार्मलीन में पड़ी थी- निरीक्षण के लिए एक लाश - मन ही मन पूजा - प्रो. डी. कुमार का निर्देश - लाश पर चाकू चलाना ...)

118

Score

11. जल-संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए पोस्टर तैयार करें।

(जल – जीवन का आधार – बूँद-बूँद का संरक्षण – जल ही जीवन है)

सूचना : निम्नलिखित कवितांश को पढ़कर 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं सबसे छोटी हो जाऊँ
तेरी गोदी में सो जाऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ!

(अंचल-वस्त्राग्र; फिरना -to move)

12. बच्ची कहाँ सोना चाहती है? 1

13. कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1

14. कवितांश का आशय लिखें। 3

सूचना : रेखांकित अंशों का संशोधन करके वाक्यों का पुनर्लेखन करें। 2

15. बच्चों का पाठाशाला थी। घंटी बजा। अध्यापिका क्लास में आया। विद्यार्थियाँ ने उठकर अभिवादन किया।

सूचना : कोष्ठक से उचित विशेषण शब्द चुनकर वाक्यों की पूर्ति करके लिखें। 2

(कुछ, बीमार, विशाल, एक)

16. एक ________मैदान था। वहाँ ________लड़के खेल रहे थे। ________लड़का खेल देख रहा था। वह ________था।

सूचना : उचित योजक का प्रयोग करके वाक्यों को मिलाकर लिखें। 1

17. मैं स्टेशन गया। गाड़ी नहीं मिली।

(लेकिन, क्योंकि)

118

Score

सूचना : निम्नलिखित खंड पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

संदेश भेजने की नई व्यवस्था है 'ई-मेल'। इंटरनेट पर ई-मेल है। इसके द्वारा किसी दूर बैठे व्यक्ति से संपर्क किया जा सकता है। ई-मेल भेजने के लिए अपना ई-मेल अकाउंट और पासवर्ड होना आवश्यक है।

18. 'नई व्यवस्था' में 'नई' शब्द 1
(संज्ञा है, क्रिया है, सर्वनाम है, विशेषण है)

19. 'इसके' में प्रयुक्त सर्वनाम है 1
(वह, वे, यह, ये)

20. संदेश भेजने की नई व्यवस्था कौन-सी है? 1

21. ई-मेल भेजने के लिए किनका होना आवश्यक है? 2

-o0o-